समाचार

नगर निगम कोरबा में समाधान शिविरो का आगाज 07 मई से

(पहला समाधान शिविर 07 मई को कोरबा जोन कार्यालय में होगा आयोजित)

कोरबा 05 मई 2025 –सुशासन तिहार 2025 के अन्तर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रान्तर्गत 07 मई से समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निगम क्षेत्र का पहला समाधान शिविर 07 मई को कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित होगा। इन सभाधान शिविरों में निराकरण किए गए आवेदनों का वाचन कर यह जानकारी दी जाएगी कि आवेदनों का क्या निराकरण किया गया है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के तहत छत्तीसगढ़ शासन से बात मार्गदर्शन के अनुरूप कोरबा जिले के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार 2025 आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक निगम के सभी जोन में शिविर आयोजित कर आमनागरिको से उनकी मांग व शिकायतो के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त लिए गए थे, वही दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की गई थी। अब सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन कर निराकरण किए गए आवेदनों का वाचन कर निराकरण कार्यवाही की जानकारी आवेदनकर्ताओं को प्रदान की जाएगी।

इन तिथियों में आयोजित होंगे समाधान शिविरों – उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 07 मई को कोरबा जोन में, 09 मई को टी.पी.नगर जोन में, 14 मई को कोसाबाड़ी जोन में, 19 मई को पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन में, 21 मई को बालको जोन में, 23

मई को दर्री जोन में एवं 27 मई को सर्वमंगला जोन में समाधान शिविर आयोजित होंगे, इन तिथियों में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के काउंटर होंगे स्थापित – आयोजित होने जा रहे इन समाधान शिविरों में जिले के विभिन्न विभागों के काउंटर स्थापित किए जाएंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के साथ–साथ राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, पशुधन विकास विभाग, श्रम विभाग, उद्यान विभाग, जिला अत्यांवसायी, मछलीपालन विभाग, कृषि विभाग, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण मर्यादित कम्पनी, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, कौशल विकास विभाग आदि विभागों के काउंटर स्थापित होंगे।